अब इस मोबाइल ऐप के जरिए घर बैठे जांच करें फसलों की क्वालिटी, नहीं लगेगा कोई पैसा

TV9 Bharatvarsh | Edited By: वेंकटेश कुमार Updated on: Mar 14, 2023 | 12:34 PM

एसएलसीएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप सभरवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में हम पहली और एकमात्र कंपनी हैं जिसने एक ऐप्लीकेशन के लिए प्रतिष्ठित एनएबीएल मान्यता प्राप्त की है.



कृषि क्षेत्र की कंपनी सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट (एसएलसीएम) को अपने मोबाइल ऐप 'एआई एमएल क्यूसी' के लिए एनएबीएल से मान्यता मिल गई है. यह ऐप कृषि उत्पादों की गुणवत्ता की जांच को बेहतर और सुगम बनाएगा.

1 / 5

कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसे नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज (एनएबीएल) से मान्यता मिली है. यह ऐप इसके पेटेंट प्रक्रिया प्रबंधन प्रणाली 'एग्री रीच' के अंतर्गत आता है.

फसल कटाई के बाद की संपूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली एसएलसीएम ने कहा कि 'एग्री रीच' ऐप कृषि में हुई हालिया वैज्ञानिक प्रगति को सामान्य स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के हाथों में ले आया है. ऐप के शुरू होने के केवल दो महीनों के अंदर ही इसका उपयोग देश के 17 राज्यों में 303 जगहों पर 21.59 लाख टन फसलों के निरीक्षण के लिए किया जा चुका है.

'कृत्रिम मेधा (एआई) मशीन लर्निंग (एमएल) क्यूसी' स्मार्टफोन ऐप के इस्तेमाल से कृषि उपज की गुणवत्ता की जांच करना, मोबाइल से तस्वीर लेने जितना आसान है. ऐप के जरिये केवल एक क्लिक से विविध गुणवत्ताओं पर तस्वीर का विश्लेषण हो जाता है. इसके बाद उपयोगकर्ताओं को गुणवत्ता रिपोर्ट मिलती है.

रिपोर्ट में कृषि के क्षति, सिकुड़न, मुरझाया या अपरिपक्व अनाज समेत सभी संबंधित समस्याओं के बारे में तस्वीरें आ जाती हैं. एसएलसीएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप सभरवाल ने कहा, "इस क्षेत्र में हम पहली और एकमात्र कंपनी हैं जिसने एक ऐप्लीकेशन के लिए प्रतिष्ठित एनएबीएल मान्यता प्राप्त की है. यह ऐप कृषि उद्योग में जिंसों की गुणवत्ता की परख को सुगम बनाएगा."- (इनपुट- भाषा)